

हर किसी का मेंटल मामला हेल्दी : रवि किशन

सनसनीखेज थ्रिलर और रोमांचक एक्शन से भरपूर प्रोग्राम्स की भीड़ के बीच नेटफ्लिक्स का 'मामला लीगल है' कोर्टरूम एक्शन को बिल्कुल नए अंदाज में दिखाता है, जो आपको हँसने पर मजबूर कर देता है. हंसी-ठिठोली, गर्मजोशी और रोजमर्रा की बेतुकी घटनाओं के साथ इस सीरीज़ ने अपनी एक अलग जगह बना ली है. यह न केवल हल्का-फुल्का मनोरंजन पेश करती है, बल्कि दर्शकों के दिलों में भी बस जाती है.

आज के समय इस तरह की कॉमेडी के महत्व के बारे में रवि किशन ने बताया कि आज जब दर्शक लगातार गहरा और गंभीर कंटेंट देख रहे हैं, तो उन्हें एक संतुलित व्युईंग प्रदान करने में हँसी की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका है.

रवि किशन ने कहा, 'मैंने अक्सर सुना है, जो हँसता है, वह लंबे समय तक टिकता है. हास्य और कॉमेडी बहुत जरूरी हैं. कॉमेडी मनोरंजन में सबसे आगे रही है. भारत में हॉरर फिल्म या एक्शन फिल्म कॉमेडी के बिना अधूरी रहती है. हमारा शो प्रदर्शित करता है कि हर किसी के मेंटल मामले हैल्दी और स्टेबल होते हैं क्योंकि आज के समय में मेंटल स्वास्थ्य सबसे जरूरी हो गया है. कॉमेडी हमारे रिश्ते को मजबूत बनाती है क्योंकि हम अपने दर्शकों से जुड़े हुए किरदार और परिस्थितियाँ पेश करते हैं, जिससे उन्हें महसूस होता है कि उनका भी

महत्व है और कोई उन्हें भी समझता है. मामला जैसे शो केवल दर्शकों का मनोरंजन नहीं करते हैं, वो हमें जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं में हँसी ढूँढ़ने के लिए प्रेरित करते है.

17 अप्रैल को रिलीज होगी 'मटका किंग'

प्राइम वीडियो ने आज विजय वर्मा के जन्मदिन पर उनकी आने वाली ओरिजिनल ड्रामा सीरीज 'मटका किंग' की वर्ल्डवाइड प्रीमियर डेट 17 अप्रैल अनाउंस कर दी है. भय कोरन्ने की लिखी और नागराज पोपटराव मंजुले की बनाई और निर्देशित की गई यह सीरीज 1960 के दशक के बदलते बॉम्बे पर आधारित है.

यह कहानी एक कॉटन ट्रेडर के इर्द-गिर्द घूमती है जो 'मटका' नाम का एक नया जुआ सिस्टम शुरू करता है और अमीरों के इस शौक को पूरे देश में फैला देता है.

इसे सिद्धार्थ रॉय कपूर, नागराज पोपटराव मंजुले, गार्गी कुलकर्णी, अश्विनी सिदवानी और आशीष आर्यन ने 'रॉय कपूर फिल्म्स', 'आटपाट' और 'एसएमआर प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रोड्यूस किया है.

'मटका किंग' में विजय वर्मा, कृतिका कामरा, सई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव, भूपेंद्र जादावत और गुलशन ग्रोवर लीड रोल्स में हैं. इनके साथ ही विनीत कुमार सिंह, भरत जाधव, गिरीश कुलकर्णी, जेमी लीवर, किशोर कदम, साइरस साहूकार, अर्पिता सेठिया, संभाजी तांगड़े, इश्तियाक खान, संजीव जोटांगिया और सिमरन अश्विनी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे. यह सीरीज 17 अप्रैल को भारत और दुनिया के 240 से ज्यादा देशों में सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी.

'पनौती' टैग से स्टारडम तक दीया मिर्जा

हर कलाकार के जीवन में एक ऐसा दौर आता है जब उसे अपनी काबिलियत से ज्यादा अपनी किस्मत पर शक होने लगता है. दीया मिर्जा के लिए भी ये दौर बेहद कठिन रहा. करियर की शुरुआत में मिली असफलताओं ने उन्हें इंडस्ट्री में कमजोर स्थिति में ला खड़ा किया.

रहना है तेरे दिल में भले ही आज एक कल्ट फिल्म मानी जाती है, लेकिन रिलीज के समय यह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी. इस फिल्म से दीया मिर्जा को जो पहचान मिलने की उम्मीद थी, वो नहीं मिली. इसके बाद उनकी कई फिल्में लगातार असफल होती रहीं, जिससे इंडस्ट्री में उनकी छवि खराब होती चली गई.

दीया मिर्जा ने खुद एक इंटरव्यू में बताया कि उस समय हालात इतने खराब हो गए थे कि लोग उन्हें 'पनौती' कहने लगे थे. जिन लोगों ने पहले उन्हें साइन करने के लिए लाइन लगा रखी थी, वही लोग उनसे दूरी बनाने लगे. काम मिलना बंद हो गया और वे बेरोजगारी के दौर से गुजरीं.

इस मुश्किल समय में भी दीया मिर्जा ने हार नहीं मानी. उन्होंने खुद पर विश्वास बनाए रखा और सही मौके का इंतजार करती रहीं. यही मौका उन्हें मिला राजकुमार हिरानी की फिल्म संजू में. दिलचस्प बात ये है कि इस फिल्म के लिए दीया मिर्जा ने खुद हिरानी से संपर्क किया था और काम मांगा था. उन्होंने स्क्रीन टेस्ट देने तक की बात कही. उनकी मेहनत और लगन रंग लाई और उन्हें फिल्म में मान्यता दत्त का किरदार निभाने का मौका मिला.

रणबीर कपूर स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की और दीया मिर्जा के करियर को नई दिशा दी. इसके बाद उन्हें लगातार काम मिलने लगा और उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी मजबूत वापसी दर्ज कराई. आज दीया मिर्जा ना सिर्फ एक सफल अभिनेत्री हैं, बल्कि नए-नए प्रोजेक्ट्स और राइटिंग के जरिए खुद को लगातार साबित भी कर रही हैं.

अल्लू अर्जुन : 23 साल अनगिनत हिट्स

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा कर लिया है.

अल्लू अर्जुन को पैन-इंडिया इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक माना जाता है, जिनकी फैन फॉलोइंग न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में बहुत ज्यादा है. अपनी कमाल की स्क्रीन प्रेजेंस, स्टाइल और शानदार एक्टिंग के दम पर उन्होंने जहाँ भी गए अपनी एक अलग पहचान बनाई है. 23 साल पहले अपने डेब्यू से लेकर आज भारतीय सिनेमा के 'आइकॉन स्टार' के रूप में पहचाने जाने तक, उनका यह सफर वाकई में प्रेरणा देने वाला रहा है.

अल्लू अर्जुन ने अपने शानदार करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं. 'पुष्पा राज' के अपने किरदार से वह एक ग्लोबल पहचान बन गए और दुनिया भर के लोगों का दिल जीत लिया. उनके इस बेहतरीन करियर और इस मुकाम को सेलिब्रेट करने के लिए उनकी टीम ने एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके अब तक के सफर और उस विरासत का जश्न मनाया गया है जिसे वह हर कदम के साथ आगे बढ़ा रहे हैं.

इस पोस्ट को शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन की टीम ने लिखा, 'इंडियन सिनेमा में आइकॉन स्टार ञअल्लूअर्जुनके 23 साल. यह एक ऐसा सफर है जो जुनून, मेहनत और लगातार खुद को बेहतर बनाने से बना है. अपनी यादगार परफॉर्मेंस से लेकर स्टाइल, डांस और एक्टिंग में नए रिकॉर्ड बनाने तक, वह आज भी करोड़ों लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं.इन 23 शानदार सालों का जश्न और आगे आने वाले कई और बड़े मुकामों के लिए ढेर सारी बधाई.

फ्लाइंग किस और मुस्कान

विराट-अनुष्का का रोमांस स्टैंड्स तक पहुंचा

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा का रिश्ता हमेशा ही चर्चा में रहता है, और हाल ही में एक ऐसा पल देखने को मिला जिसने सबका ध्यान खींच लिया. मैच के दौरान यह पल और भी खास बन गया. मैच जितने के बाद विराट ने स्टैंड की ओर मुड़कर अनुष्का को फ्लाइंग किस दिया. अनुष्का शर्मा की शर्मीली मुस्कान और हल्का ब्लश देखकर वहां मौजूद लोग मंत्रमुग्ध हो गए.

यह केवल एक रोमांटिक पल नहीं था, बल्कि इस जोड़ी की गहरी बॉन्डिंग का जश्न भी था. विराट और अनुष्का का रिश्ता समय के साथ और मजबूत हुआ है, और यह पल इसे फिर से सबके सामने ला गया. अनुष्का ने भी प्यार भरे अंदाज में अपने पति को जवाब दिया और शरमाई.

सोशल मीडिया पर फैंस इस क्यूट मोमेंट को बार-बार शेयर कर रहे हैं और इसे 'सबसे प्यारा पल' करार दिया गया है. लोग विराट और अनुष्का की बॉन्डिंग की तारीफ कर रहे हैं और इस जोड़ी को अब भी वैसा ही रोमांटिक मान रहे हैं जैसे पहले थी. यह पल यह भी दिखाता है कि चाहे वे किसी भी जगह हों— स्टेडियम हो या किसी सार्वजनिक इवेंट—उनकी मोहब्बत हमेशा चमकती रहती है. अनुष्का शर्मा पिछले कुछ सालों से बड़े पर्दे से दूर थीं, लेकिन उनका यह पल दर्शकों को याद दिलाता है कि उनकी निजी जिंदगी भी उनकी स्क्रीन जितनी ही आकर्षक है.

डॉ. आरंभि और मन्नत हर खुशी पाने की का महासंगम

दोनों सबसे पसंदीदा फैमिली ड्रामा अब एक साथ लौट रहे हैं! डॉ. आरंभि और 'मन्नत हर खुशी पाने की .' कलर्स पर एक धमाकेदार महासंगम लेकर आ रहे हैं, जिसमें भरपूर होगा स्पेक्टेकल, इमोशन और ज़बरदस्त टकराव. इस खास क्रॉसओवर में दिखेगा कि जब एक महिला दूसरी महिला का साथ देती है, तो कहानी में कैसे बड़ा मोड़ आता है. इस एपिसोड में आरंभि (ऐश्वर्या खरे) अपनी दुनिया से आगे बढ़कर मानत (आयेशा सिंह) की उथल-पुथल भरी जिंदगी में कदम रखती हैं जहां महत्वाकांक्षा की कीमत चुकानी पड़ती है, ताकत कई रूपों में छिपी होती है और जीने के लिए हिम्मत चाहिए. सहजता और सहानुभूति से जुड़ी ये दोनों महिलाएं सिर्फ जवाबों के लिए नहीं, बल्कि अपने विश्वासों के लिए लड़ती हैं.

सलूजा मैन्शन में विक्रांत (अदनान खान) और याशिका (लीना जुमानी) का भव्य संगीत समारोह शुरू होता है. जो रात संगीत और जश्न से सजी थी, वह जल्द ही भावनाओं के प्रेशर कुकर में बदल जाती है. मानत एक ही मकसद लेकर आती है अर्ज़ की असली पहचान उजागर करना. वह साहसिक कदम उठाते हुए उसका ड्रिंक स्पाइक करती है, जो या तो उसका राज खोल देगा या पूरी तरह उल्टा पड़ सकता है. जैसे-जैसे गुस्सा बढ़ता है और रिश्तों की वफादारी टूटने लगती है, आरंभि सामने आती है और मानत का मज़बूती से साथ देती है. वह हर कदम पर मानत को सपोर्ट करती है और सच को सामने लाने में मदद करती है. आरंभि के साथ होने से दांव और ऊंचे हो जाते हैं और टकराव और भी तीव्र. लेकिन जब हालात चरम पर पहुंचते हैं, क्या अर्ज़ को आखिरकार अपनी असली पहचान बतानी पड़ेगी?

टीवी जगत

'गंगा माई की बेटियां' में शहजाद शेख की एंट्री

शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीज़ान खान और अमनदीप सिद्धू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, अब अपनी कहानी में एक नया मोड़ लाने जा रहा है. शो में अब एक नया किरदार जुड़ने वाला है. जाने-माने एक्टर शहज़ाद शेख इस शो का हिस्सा बन गए हैं और वो श्लोक के रोल में नजर आएंगे, जो एक होटलियर है और जिसकी एंट्री से सिद्धू और स्नेहा की जिंदगी में नए ट्विस्ट और दिलचस्प मोड़ देखने को मिलेंगे.

इस खबर की पुष्टि करते हुए शहज़ाद शेख कहते हैं, 'मैंने अपना करियर ज़ी टीवी के साथ 12 साल पहले 'कुबूल है' से शुरू किया था और अब इतने साल बाद फिर से ज़ी परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है. मैं 'गंगा माई की बेटियां' को पहले से फॉलो कर रहा था और जब मुझे यह शो ऑफर हुआ, तो शुरुआत में मैं थोड़ा कंफ्यूज़ था. लेकिन जब मैंने टीम से बात की और किरदार एवं कहानी को अच्छे से समझा, तो मुझे लगा कि यह करना चाहिए. इतने साल बाद चैनल पर वापसी करना और वो भी उसके एक टॉप शो के साथ, यह मेरे लिए गर्व की बात है. मुझे इस शो की दुनिया, इसके किरदार और टीम की मेहनत हमेशा पसंद आई है. मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका मिला.

यंग इंडिया

नौसेना में कॅरियर का अवसर

भारतीय नौसेना (नौसेना भर्ती) ने एसएसआर मेडिकल शाखा 02/2027 बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है. योग्य उम्मीदवार 14 मार्च 2026 से 6 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं. आवेदन की अंतिम तिथि 6 अप्रैल 2026 शाम 5 बजे तक है, जबकि फॉर्म में सुधार की सुविधा 10 और 11 अप्रैल 2026 को उपलब्ध होगी. परीक्षा का पहला चरण मई 2026 में आयोजित किया जाएगा और प्रवेश पत्र परीक्षा से पहले जारी किए जाएंगे. सभी श्रेणियों के लिए आवेदन शुल्क 550 रुपये निर्धारित है, जिसमें 18% जीएसटी अतिरिक्त है. भुगतान केवल डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता है. आयु सीमा के अनुसार उम्मीदवार की जन्म तिथि 01 मई 2005 से 31 अक्टूबर 2009 के बीच होनी चाहिए. शैक्षणिक योग्यता के लिए उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 (इंटरमीडिएट) परीक्षा भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीवविज्ञान विषय के साथ पास की होनी चाहिए, प्रत्येक विषय में न्यूनतम 40% और कुल 50% अंक आवश्यक हैं. जो उम्मीदवार अंतिम वर्ष में पढ़ाई कर रहे हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक सूचना ध्यानपूर्वक पढ़ें और सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे पहचान पत्र, पता प्रमाण, फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करके तैयार रखें. फोटो मई 2026 के बाद का होना चाहिए, हल्के रंग की पृष्ठभूमि पर होना चाहिए और उम्मीदवार का नाम तथा फोटो लेने की तारीख काले स्लेट पर बड़े अक्षरों में लिखी हो. आवेदन भरने के बाद फॉर्म की सावधानीपूर्वक जाँच करें और फाइनल सबमिट के बाद उसका प्रिंट निकालकर सुरक्षित रखें. यह भर्ती नौसेना में स्थिर और सम्मानजनक करियर पाने का एक सुनहरा अवसर है. योग्य और इच्छुक उम्मीदवार समय पर आवेदन करें और परीक्षा तिथियों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बनाए रखें.

यूपीटीईटी 2026 आवेदन शुरू

शिक्षक बनने का मौका

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (यूपीईएसएससी) द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 (यूपीटीईटी) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. यह परीक्षा प्राथमिक (कक्षा 1 से 5) और जूनियर (कक्षा 6 से 8) स्तर के शिक्षकों के लिए आयोजित की जाती है. इच्छुक अभ्यर्थी 27 मार्च 2026 से 26 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं.

आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, आवेदन की अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है, वहीं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी यही है. आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि 1 मई 2026 रखी गई है. परीक्षा का आयोजन 2 से 4 जुलाई 2026 के बीच किया जाएगा. परीक्षा शहर की जानकारी 22 जून 2026 को उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि प्रवेश पत्र 30 जून 2026 को जारी होंगे.

आवेदन शुल्क की बात करें तो सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 1000 रुपये निर्धारित हैं. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 500 रुपये तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये शुल्क तय किया गया है. शुल्क का भुगतान भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या ऑफलाइन माध्यम से किया जा सकता है. आयु सीमा के अनुसार उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए. आयु में आरक्षण या छूट इलाहाबाद हाई कोर्ट के नियमों के अनुसार लागू होगी.

शैक्षणिक योग्यता के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होना आवश्यक है. इसके अलावा उम्मीदवार को अंग्रेजी शॉर्टहैंड और टाइपिंग का अच्छा ज्ञान होना चाहिए. शॉर्टहैंड की गति 100 शब्द प्रति मिनट और टाइपिंग की गति 40 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए. इसके साथ ही डेटा एंट्री, वर्ड प्रोसेसिंग और कंप्यूटर ऑपरेशन का ज्ञान होना आवश्यक है.

आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक सूचना ध्यानपूर्वक पढ़ें और सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे पहचान पत्र, पता प्रमाण, फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करके तैयार रखें. फोटो पासपोर्ट साइज रंगीन होना चाहिए, जिसमें उम्मीदवार का नाम और फोटो लेने की तारीख स्पष्ट रूप से लिखी हो. आवेदन फॉर्म भरने के बाद उसकी सावधानीपूर्वक जांच करें और अंतिम सबमिट करने के बाद उसका प्रिंट निकालकर सुरक्षित रखें.

यह भर्ती युवा उम्मीदवारों को उच्च न्यायालय में स्थिर और सम्मानजनक करियर पाने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है. योग्य उम्मीदवार समय पर आवेदन करें और परीक्षा तिथियों तथा अन्य अपडेट के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बनाए रखें. इस भर्ती के माध्यम से अभ्यर्थी न्यायिक प्रशासन में अपनी सेवा और करियर को सफल दिशा दे सकते हैं.

रेलवे एएलपी भर्ती 2026

11127 पदों पर भर्ती

भारतीय रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी) के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं. इस भर्ती के तहत कुल 11,127 पद भरे जाएंगे. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 15 मई 2026 से 14 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं. आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 500 रुपये है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 250 रुपये रखा गया है. परीक्षा के प्रथम चरण में उपस्थित होने के बाद योग्य उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क वापस भी किया जाएगा. इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 30 वर्ष है, जिसमें आरआरबी की नियमावली के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी. शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो उम्मीदवार के पास 10वीं कक्षा (मैट्रिक) उत्तीर्ण होने के साथ एनसीवीटी/एससीवीटी से आईटीआई प्रमाणपत्र होना आवश्यक है. इसके अलावा 10वीं के बाद डिप्लोमा या बीई/बीटेक (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग) भी मान्य होगा. आवेदन करते समय सभी जरूरी दस्तावेज जैसे फोटो, हस्ताक्षर, पहचान पत्र आदि स्कैन करके तैयार रखना होगा. आवेदन करने से पहले फॉर्म की सावधानीपूर्वक जाँच करें और अंत में फॉर्म का प्रिंट निकालकर सुरक्षित रखें. यह भर्ती रेलवे में स्थिर और सम्मानजनक नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है, इसलिए सभी योग्य उम्मीदवार समय पर आवेदन करें.

प्राइवेट सेक्रेटरी ग्रेड-। आवेदन शुरू

इलाहाबाद हाई कोर्ट (प्रयागराज) ने प्राइवेट सेक्रेटरी ग्रेड । पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया 2026 की घोषणा की है. इस भर्ती में कुल 195 पद भरे जाएंगे. योग्य और इच्छुक उम्मीदवार 12 मार्च 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 02 अप्रैल 2026 है, जबकि फॉर्म में सुधार या संशोधन की सुविधा 03 और 04 अप्रैल 2026 को उपलब्ध होगी. परीक्षा की तिथि बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित की जाएगी और प्रवेश पत्र परीक्षा से पहले जारी किए जाएंगे.

आवेदन शुल्क सामान्य श्रेणी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 1900 रुपये है, जबकि ईडब्ल्यूएस, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 1700 रुपये निर्धारित किया गया है.